# मानव विकास कल्याण चैरिटेबल ट्रस्ट

# वार्षिक प्रतिवेदन

# ANNUAL REPORT 2019 – 2020

# मानव विकास कल्याण चैरिटेबल ट्रस्ट

भारतीय ट्रस्ट अधिनियम 1882 के तहत पंजीकृत, प्रमाण पत्र (धारा 60) भारत सरकार


पंजीकृत महावीर एन्ल्क़ेव, नई दिल्ली - 110045

प्रधान कार्यालय :- गोठवाली गली राजगढ़ अलवर - 301408

E-Mail id :- charitabletrust2010@gmail.com

& No : - 9414362850

# संस्था का परिचय

मानव विकास कल्याण चैरिटेबल ट्रस्ट जो कि भारतीय ट्रस्ट अधिनियम 1882 के तहत पंजीकृत है। जिसका पंजीयन 19 अप्रैल 2010 को कराया गया।

पंजीकृत क्रमांक : 2511

पंजीकृत तिथि : 19 अप्रैल 2010

संस्थापक का नाम : श्री मदन लाल गुप्ता

कार्य क्षेत्र : सम्पूर्ण भारत वर्ष

कार्यालय पता : गोठवाली गली राजगढ़ अलवर - 301408

विजन : जिले के हर क्षेत्र हर गाँव में आदर्श समाज की स्थापना करना जिससे हर व्यक्ति सामाजिक भेदभाव रहित आनंदमयी जीवन जी सके।

मिशन : मानव विकास कल्याण चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा समाज को संगठित कर जागरुक बनाना

# मानव विकास कल्याण चैरिटेबल ट्रस्ट के उद्देश्य

1. समाज के प्रति फैली हुई भ्रांतियों को दूर करना और प्रेम व सौहृद्रर्य पूर्ण वातावरण का प्रचार प्रसार करना।
2. तकनीकि शिक्षा का प्रचार प्रसार करना।
3. समाज में फैली कुरूतियों को दूर करने हेतु प्रवचन, सेमिनार, अन्य कार्यक्रम आदि का आयोजन करना मनुष्यों में करूणा, प्रेम और मैत्री का प्रसार करना।
4. कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए बेटी बचाओ अभियान को आगे बढ़ाना। इसके लिए सामाजिक जागरूकता हेतु साहित्य, पुस्तकें, वीडियो केसेट्स, सी.डी., डी.वी.डी. का निर्माण एवं वितरण करना। इस हेतु प्रवचन, सेमिनार, अन्य कार्यक्रम आदि का आयोजन करना ।
5. सामाजिक उत्थान के लिए तत्कालीन समय अनुसार कार्य करना।
6. महिलाओं को शिक्षा एवं अधिकारों के प्रति जागरूक करना।
7. विधवा एवं तलाकशुदा महिलाओं की आर्थिक सहायता करना व उनके जीविकोपार्जन के लिए लघु एवं कुटीर उद्योगों की स्थापना करना।
8. समाज के वृद्धजनों की सेवा के कार्य करना।
9. रोग पीड़ितों को चिकित्सा सुविधा में मदद करना।
10. आवारा पशु - पक्षियों के कल्याण में कार्य करना ।

# मानव विकास कल्याण चैरिटेबल ट्रस्ट के कार्यक्रम

1. स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ।

2. रोजगार जागरूकता शिविर का आयोजन ।

3. सौलर / ऊर्जा जागरूकता शिविर का आयोजन ।

4. वृक्षारोपण कार्यक्रम ।

5. गौशाला में गायों के लिए चारे की व्यवस्था ।

6. गर्मी में ठंडे पानी की प्याऊ की व्यवस्था ।

7. सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन ।

8. किसान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन ।

9. सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन ।

10. कन्या भ्रूण हत्या जागरूकता शिविर ।

11. सिलाई प्रशिक्षण शिविर का आयोजन ।

12. नि:शुल्क कंप्यूटर शिक्षा शिविर का आयोजन ।

13. तम्बाकू नियंत्रण जागरूकता शिविर ।

## स्वास्थ्य शिविर का आयोजन :-



मानव विकास कल्याण चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा वर्ष 2019 - 2020 में मुखर्जी नगर भरतपुर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया । जिसके अन्तर्गत मरीजों के आंख, कान की जांचे, साथ ही कमी पाए जाने पर उनका इलाज किया और चश्मे व कान की मशीनें भी वितरित कीं। चार घंटे चले इस स्वास्थ्य शिविर में अपनी आंख व कानों की जांच कराने के लिए 85 मरीज पहुंचे, इसमें 30 मरीजों को मोतियाबिंद से पीड़ित पाया गया । उन्हें ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया और 15 मरीजों को चश्मा वितरित किए और कुछ मरीजों को दवाई वितरित की गई । 40 मरीजों के कानों की जांच की गई, इसमें कान के 10 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया और जरुरतबन्दों को दवा वितरित की। मरीजों के कानों की श्रवण क्षमता जांची गई 5 मरीजों कान की मशीनें वितरित की गईं। इस स्वास्थ्य शिविर में दिल्ली से आए डॉ मनीषा, डॉ अमित एवं अन्य डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की जांच की। इस मौके पर कांग्रेस के पार्षद ट्रस्ट के पदाधिकारी और अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## रोजगार जागरूकता शिविर का आयोजन :-



मानव विकास कल्याण चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा वर्ष 2019 - 2020 में एक दिवसीय रोजगार जागरूकता शिविर का आयोजन गुढ़ा रोड बांदीकुई में किया गया । जिसमे बेरोजगारो को स्व - रोजगार स्थापित कर स्वयं का उद्यम लगाने का मार्गदर्शन दिया गया । तकनीक विशेषज्ञ हसन जी ने कहा कि स्वरोजगार से स्वयं एवं देश की आर्थिक स्थिति मजबूत की जा सकती है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत ऋण लेकर कुटीर उद्योग स्थापित करके युवक बेरोजगारी से मुक्त हो सकते हैं। ट्रस्ट की और से बताया गया की आज की महिलाएं आधुनिक खेती सर्वाधिक फसल सब्जी निजी बैंकिंग द्वारा संचालित महिला समूह बनाकर अपना स्वयं का रोजगार शुरू कर सकती है।



## सौलर / ऊर्जा जागरूकता शिविर का आयोजन :-



मानव विकास कल्याण चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा वर्ष 2019 - 2020 में अलवर जिले के राजगढ़ कस्बे में श्री अनिल शर्मा जी के निर्देशानुसार आजीविका मिशन की स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को सौर ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग की ओर से जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। इन कैंपों के आयोजन करने का उद्देश्य है कि महिलाओं को जागरूक किया जाए कि वे सौर



ऊर्जा का प्रयोग करें जिससे बिजली बचत के साथ-साथ धन की भी बचत होगी। सौर ऊर्जा को बढावा देने के लिए सरकार द्वारा लोगों को एवम किसानों को सोलर पैनल, सौलर इंवर्टरों व खेतों में सौलर पंप के लिए सब्सिडी दे रही है ताकि लोग इसका अधिक से अधिक प्रयोग कर सके। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दिए जा रहे सोलर होम लाइट सिस्टम को प्रतिदिन 6 से 8 घंटे काम में लाया जा सकता है। जिससे लाइट व पंखे चलाए जा सकते हैं। इसके अलावा सोलर इंनवर्टर चार्जर द्वारा सौर ऊर्जा की सहायता से बैटरियों को चार्ज किया जा सकता है। जिससे आपकी बिजली की खपत कम होगी और आपको पैसों की बचत होगी। केंद्र सरकार द्वारा पीएम कुसुम (PM- KUSUM ) योजना चलायी जा रही है। पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री अरुण जेटली द्वारा केंद्रीय बजट 2018-19 के दौरान घोषित की गई यह सोलर पंप योजना पूरे देश में सिंचाई के लिए लागू की गयी है। बता दें कि इसके तहत मौजूदा समय में इस्तेमाल होने वाले डीजल / इलेक्ट्रिक पंपों को सौर ऊर्जा से चलाने के लिए तैयार है, जहां किसानों को केवल 10 प्रतिशत तक ही खर्च करना पड़ता है। योजना के अनुसार, किसान को नए और बेहतर सौर ऊर्जा से चलने वाले पंपों पर सब्सिडी मिलेगी। किसानों को एक सोलर पंप स्थापित करने के लिए कुल खर्च का केवल 10% खर्च करना होगा और 60% लागत सरकार द्वारा नियंत्रित की जाएगी और शेष 30% का बैंक द्वारा ऋण के रूप में ध्यान रखा जाएगा।

<u>**वृक्षारोपण कार्यक्रम :-**</u>

मानव विकास कल्याण चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा वर्ष 2019 - 2020 में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया । इस वृक्षारोपण_कार्यक्रम मे आध्यात्मिक, स्वयंसेवी एवम समाज के सभी वर्ग के लोगो ने मिलकर पोधो को लगाने का कार्य किया । पौधे आंकड़े बढ़ाने के लिए नहीं बल्कि हरित राजस्थान का सपना पूरा करने का प्रयत्न है । आज के इस आधुनिक युग में पेड़ो की संख्या में बहुत कमी हो रही और मनुष्य जीवन के लिए वृक्ष बहुत ही उपयोगी है इसलिए वृक्षारोपण करना बहुत जरूरी है। आसान शब्दों में कहा जाये तो वृक्षारोपण नए वनों का निर्माण है। पेड़ ना केवल हमें शुद्ध हवा प्रदान करते हैं बल्कि पर्यावरण को भी सुंदर बनाते हैं। पेड़ पर पक्षी अपना घोंसला बनाकर रहते हैं। तपती धूप में यह मनुष्य को छाया प्रदान कर हमें गर्मियों से बचाने में मदद करते हैं। पेड़ों के ना होने से मनुष्य का जीवन संकट में आ जाएगा। मनुष्य सुख सुविधाओं के लालच में आकर पेड़ों का शत्रु बन बैठा है। वह निरंतर पेड़ों को काटते जा रहा है जिस कारण हमारे पर्यावरण में दुष्परिणाम भोगने पड़ रहे हैं और मनुष्य को कई प्रकार के प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ रहा है। पृथ्वी का तापमान लगातार बढ़ रहा है, पहाड़ों का बर्फ लगातार पिघल रहा है, जिससे बाढ़ का खतरा बना रहता है। पेड़ पौधे प्रकृति की शान है ।





# गौशाला में गायों के लिए चारे की व्यवस्था :-



बेसहारा पशुओं की सुविधा के लिए मानव विकास कल्याण चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा वर्ष 2019 - 2020 में चारे की नि:शुल्क व्यवस्था की । ट्रस्ट द्वारा राजगढ़ व बांदीकुई गौशाला में गायों के लिए चारा पानी की व्यवस्था की। ट्रस्ट द्वारा शहर में कई स्थानों पर आवारा पशुओं के लिए चारा डलवाया गया । पशुओं के लिए चारे का संकट खड़ा हो रहा है। चारे के अभाव में आवारा पशु दर दर भटक रहे हैं। वहीं कोलाना, अरनिया, बिबाई गांव व आस-पास के क्षेत्र में में घूम रही बेसहारा गायों को ट्रस्ट के द्वारा गौशाला तक पहुचाया गया । गौ रक्षा ही सर्वपरी धर्म है ।



# गर्मी में ठंडे पानी की प्याऊ की व्यवस्था :-





मानव विकास कल्याण चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा वर्ष 2019 - 2020 में मई व जून (2 माह) ठंडे पानी की प्याऊ शिव शक्ति मंदिर गुढ़ा रोड बांदीकुई पर लगाई गई एवं बस स्टैंड के पास ठंडे पानी के घड़े रखवाये गए। मानवता के हित में प्रतिदिन राहगीरों को शुद्ध एवं शीतल पेयजल पिला कर अपने सेवाधर्म का पालन करना शुरु किया है. जिसके अन्तर्गत कार्यकर्ता बाइक पर शीतल जल लेकर ऐसे इलाकों में जाते हैं जहां दूर-दूर तक पानी की कोई व्यवस्था नहीं होती। ट्रस्ट के इस कार्य की लोगो ने प्रशंसा की और आभार व्यक्त किया। जल सेवा से बड़ा कोई धर्म नही है।




## सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन :-

मानव विकास कल्याण चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा वर्ष 2019 - 2020 में सड़क सुरक्षा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया । शिविर की अध्यक्ष श्रीमती मंजू जैन ने बताया की आज के युग में हर इंसान को अपने लक्ष्य और अपनी मंजिल तक पहुचने कि बहुत अधिक जल्दी रहती है वह भूल जाता है सरकार के द्वारा बनाये गए सड़क सुरक्षा नियमों को, और इसी जल्द बाजी का नतीजा दुर्घटना होती है । श्रीमती जैन ने कहा की हमें यातायात नियमो की कढाई से पालन करनी चाहिए ।



1. सड़क पर चलते समय हमेशा बाएँ तरफ का उपयोग करे ।
2. वाहन चालक को ज्यादा स्पीड में वाहन नही चलाने चाहिए ।

### यातायात चिन्हों की जानकारी



## किसान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन :-

मानव विकास कल्याण चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा वर्ष 2019 - 2020 में विबाई ग्राम में एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। किया। इस प्रशिक्षण शिविर में लगभग 50 कृषक ने भाग लिया। किसानों को आत्मनिर्भर बनने व कृषि को लाभ का धंधा बनाने के लिए तरह-तरह के तरीके बताएं। इस दौरान किसानों को कम खर्च कर अधिक मुनाफा कमाने के संबंध में भी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाएं जैसे फल, पौधारोपण, मसाला क्षेत्र विस्तार, संरक्षित खेती आदि योजनाओं से भी उपस्थितों को अवगत कराया गया। जिससे कृषक कम लागत में खेती कर अधिक मुनाफा कमा सके। इस मौके पर कृषि विशेषज्ञों द्वारा, जीवामृत, बीजामृत, अग्निअस्त्र, नीम अस्त्र, घनिरी अस्त्र, जैविक खेती में उपयोगी तरल खादें , बर्मी कम्पोस्ट, केंचुआ खाद, मटका खाद, काऊ पैट पिट, आदि के बारे विस्तारपूर्वक जानकारी उपलब्ध करवाई। किसानों को ट्रस्ट की और से धनिया, मटर, पालक के बीज भी मुफ्त में वितरित किये गए।



## सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन :-



मानव विकास कल्याण चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा वर्ष 2019 - 2020 सावन मास में हरियाली तीज पर तीज महोत्सव के रूप में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ श्रीमती उषा देवी जी द्वारा किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान महिलाए एवं युवतियों ने मेंहदी प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों एवं युवतियों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने अपनी प्रतिभा को दिखाया तथा एक से बढ़कर एक गीत व नृत्य का कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसकी लोगों ने सराहना की। वैसे भी भारत एक त्योहारो का देश है।



## कन्या भ्रूण हत्या जागरूकता शिविर :-

मानव विकास कल्याण चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा वर्ष 2019 - 2020 तत्वावधान में कन्या भ्रूण हत्या जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के तहत बालिका शिक्षा पर जोर दिया गया। मौजूदा दौर में ¨लगानुपात में बालिकाओं की संख्या कम होना चिंता का विषय है। बालकों को घर का मुखिया बनाने और बालिकाओं को घर के अंदर कैद रखने की मानसिकता छोड़कर सभी को जागरूक होना होगा। अब बालिकायें सभी क्षेत्रों में सफल होकर अपनी क्षमता साबित कर चुकी हैं। किसी मामले में बालिकायें बालकों से कमजोर नही हैं। ट्रस्ट की न्यासी सदस्य मंजू जी ने कहा कि पूरी दुनिया में महिलायें अब कला, विज्ञान, निर्माण, प्रशासन, सुरक्षा व्यवस्था और नेतृत्व आदि में पुरुषों के साथ बराबरी कर एक विकसित समाज की बुनियाद रख रही हैं। ऐसे में देश में महिलाओं के साथ बढ़ती घटनायें लोगों को झकझोर देती हैं। महिलाओं की सुरक्षा और सहायता के लिए विशेष कानून बनाये गये हैं। कानून अभियुक्त को सजा देकर पीड़ित को न्याय दिलाते हैं। कन्या भ्रूण हत्या जैसे अत्याचार और अपराध पर अंकुश लगाने के लिए भी कानून बने हैं।





## सिलाई प्रशिक्षण शिविर का आयोजन :-

समाज सेवा के क्षेत्र में नित नए प्रयोगों के साथ अपनी सेवा देने वाले मानव विकास कल्याण चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा वर्ष 2019 - 2020 सिलाई प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ । ट्रस्ट द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। ट्रस्ट की महिला इकाई द्वारा इस कार्यक्रम का संचालन किया गया इस हेतु वृहद स्तर पर सोशल साइट के माध्यम से प्रचार प्रसार भी किया गया । जिससे अधिक से अधिक महिलाएं और युवतियां नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण शिविर का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बन सकें। रजिस्ट्रेशन कराने के लिए ट्रस्ट द्वारा निशुल्क फार्म उपलब्ध कराए गये । महिलायें व युवतियों को महीने भर के लिए लगातार नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण दिया गया । यह प्रशिक्षण शिविर राम नगर कोलोनी बांदीकुई में आयोजित किया गया । ट्रस्ट की महिला इकाई की सदस्य ने बताया कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें महिलाएं अपने घर के कामकाज से निपट कर 2 बजे से 6 बजे तक प्रशिक्षण प्राप्त करती हैं। इस समय महिलाओं को आने में किसी तरह की परेशानी नहीं होती । प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को घर से कुछ भी लाने की आवश्यकता नहीं पड़ेती कपड़ा, सिलाई मशीन, कैंची, धागा, सुई इत्यादि की व्यवस्था संगठन की ओर से की गई है।



## नि:शुल्क कंप्यूटर शिक्षा शिविर का आयोजन :-

मानव विकास कल्याण चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा वर्ष 2019 - 2020 नि:शुल्क कंप्यूटर शिक्षा शिविर का आयोजन हुआ कंप्यूटर शिक्षा कैरियर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आज के इस प्रगतिशील ज़माने में कंप्यूटर का ज्ञान होना अतिआवश्यक है। आज हर एक क्षेत्र में कंप्यूटर का प्रयोग हो रहा है। जिनको कंप्यूटर का ज्ञान है उनका भविष्य (कैरियर) उज्जवल है। कंप्यूटर का प्रयोग ऑफिसों, दुकानों, स्कूलों, हस्पतालों, कॉलेजों अर्थात हर जगह हो रहा है। घर बैठे-बैठे कंप्यूटर से बड़ी आसानी से पढ़ाई की जा सकती है। और अच्छी से अच्छी नौकरी तलाश की जा सकती है। मानव जीवन में कंप्यूटर शिक्षा का बहुत महत्व है। कंप्यूटर शिक्षा के फ़ायदे बहुत हैं लेकिन इसके कुछ नुकसान भी हैं। अब हम इसके महत्व, फ़ायदे, नुक़सान आदि पर विस्तार से चर्चा करते हैं। आज हर क्षेत्र में कंप्यूटर का प्रयोग हो रहा है।



## तम्बाकू नियंत्रण जागरूकता शिविर :-




मानव विकास कल्याण चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा वर्ष 2019 - 2020 तम्बाकू नियंत्रण जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया । आज का हमारा जो टॉपिक है वह तंबाकू पर है। पहली बात तो यह है कि यह तंबाकू होता क्या है? तंबाकू जिसे कि हम टोबैको भी बोलते हैं वह कुछ पेड़ पौधों से बनता है और फिर वह कई प्रोसेस के बाद मार्केट में आता है। जानते तो सब लोग हैं कि यह सेहत के लिए हानिकारक है लेकिन फिर भी लोग इसका सेवन करते हैं। वे जानते हैं कि आगे यह उन्हें दिक्कत कर सकता हैं फिर भी इसे छोड़ते नहीं है। क्या हम यह नहीं जानते हैं कि यह बहुत सी बीमारियों का कारण है। तंबाकू से बहुत सारी बीमारियां होती है इसमें की कुछ बीमारियां बहुत जल्दी होती है और कुछ देर से। जो बीमारियां जल्दी होती है और जो लेट दोनों हानिकारक होती है। यह हमारे शरीर के साथ हमारा मानसिक संतुलन भी बिगाड़ देता हैं। यह

सबसे पहले तो हमारे दांतो को खराब करता है , फिर इससे अल्सर ,माउथ कैंसर ,फेफड़े का कैंसर और किडनी खराब जैसी बीमारियां होती है यह इंसान के हृदय को भी क्षति पहुंचाता है जिसके वजह से हार्ट अटैक की संभावना बढ़ जाती है। इसे जल्द से जल्द रोकने का प्रयास करना चाहिए जिसके लिए सरकार को  राज्य सरकार और साथ बैठकर इस बारे में चर्चा करनी चाहिए और इसे जल्द से जल्द रोकना चाहिए। केवल नियम बनाने से कुछ नहीं होता उसका पालन भी करना चाहिए इसीलिए सिर्फ इसे बंद करने से कुछ नहीं होगा या कहीं नहीं बिके या यह बने ही नहीं इस पर बहुत बारीकी से ध्यान रखना पड़ेगा। जब तक रुकेगा नहीं तब तक हमारे लोग इसे पीते रहेंगे। इसीलिए जल्द से जल्द इसे बैन करवाना चाहिए।



मानव विकास कल्याण चैरिटेबल ट्रस्ट आप सभी का ट्रस्ट के साथ सहयोग करने के लिए आभारी है।

# "धन्यवाद"